पाठ – शब्द विचार
(Worksheet)

स्त्रोत(उत्पत्ति) के आधार पर शब्द के भेद के उदाहरण :–

तत्सम और उनके तद्भव रूप

तत्सम	—	तद्भव	तत्सम	—	तद्भव	तत्सम	—	तद्भव
अंगुष्ठ	—	अँगूठा	चंचु	—	चोंच	शाक	—	साग
अक्षि	—	आँख	जिह्वा	—	जीभ	श्रृंग	—	सींग
अग्नि	—	आग	दंत	—	दाँत	सप्त	—	सात
अर्ध	—	आधा	दुग्ध	—	दूध	सर्प	—	साँप
आम्र	—	आम	धूम्र	—	धुआँ	सूचि	—	सूई
उच्च	—	ऊँचा	नासिका	—	नाक	सूर्य	—	सूरज
उष्ट्र	—	ऊँट	पृष्ठ	—	पीठ	स्कंध	—	कंधा
कर्ण	—	कान	मस्तक	—	माथा	स्वर	—	सुर
घोटक	—	घोड़ा	यमुना	—	जमुना	हरिद्रा	—	हलदी
चंद्र	—	चाँद	व्याघ्र	—	बाघ	हस्त	—	हाथ

आगत शब्द

अंदाज़, अकसर, अनन्नास, अलमारी, आखिरी, इंजन, इंतज़ार, इस्पात, कप्तान, कारतूस, क्लास, गायब, टिकट, डॉक्टर, नज़र, नोटिस, पेंसिल, फ़र्श, फ़िज़ूल, बादशाह, मशाल, मुमकिन, मुरब्बा, मेज़, रेल, लफ़्ज़, वक्त, शेखी, सौदा, स्लेट

याद रखिए—जिन शब्दों में 'ऑ', 'ज़', 'फ़' आते हैं, वे सभी शब्द आगत हैं।

देशज शब्द

अंटा, अटकल, कटरा, कटोरा, कलाई, खटखट, खाट, खिचड़ी, खिड़की, चसक, चिड़िया, जूता, झक्की, टटिया, ठसक, ठुमरी, ठेठ, ठोकर, डिबिया, डोंगा, तेंदुआ, थप्पड़, धड़ाम, धाँसू, पगड़ी, फुनगी, भोंदू, भोंपू, लोटा, सिलवट

याद रखिए—ऐसे देशज शब्द काफ़ी संख्या में हैं, जिनका प्रयोग हिंदी की अलग-अलग बोलियों में ही सीमित है।

**** Learn all the examples and write in your Hindi Grammar Copy with neat and clean handwriting.**